तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

कोसमंदा स्कूल में शिक्षा व्यवस्था की पोल खुली निरीक्षण में 8 में से सिर्फ 1 शिक्षक मिले उपस्थित

4



## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने 77 वाहन चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। एक ही दिन में 7 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा है। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट के 21, ट्रिपल सवारी 20 एवं तेज गति वाहन चलाने, नो पार्किंग, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने इस प्रकार कुल 77 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर समान शुल्क चार्ज किया गया। शराबी वाहन चालकों का वाहन को जप्त कर शराबियों के विरुद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जिले के अलग अलग जगहों हाइवे रोड, अन्य राजमार्गों में यातयात नियमों का उलंघन करने पाए जाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने लोगों से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी से बचेने, शराब पीकर गाड़ी नही चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करने एवं मॉल वाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने अपील की है।

### गुपचुप खाने के बाद 35 ग्रामीण हुए फूड पाइजनिंग के शिकार



**अकलतरा।** ग्राम बरगवां में गुपचुप खाने के बाद 35 लोग फूड पाइजनिंग के शिकार हो गए। उल्टी दस्त की शिकायत होने पर उन्हें उपचार के लिए अकलतरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। ग्राम बरगवां में 22 नवंबर की शाम को गुपचुप खाने के कुछ देर बाद लोगों को उल्टी एवं दस्त की शिकायत होने लगी। सुबह होते होते उल्टी दस्त की शिकायत वाले लोगों की संख्या 30 से भी ज्यादा पहुंच गई। बड़ी संख्या में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर पंच विकास भारद्वाज के द्वारा इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई। सीएमएचओ डॉ. यूके मरकाम, बीएमओ डॉ.महेंद्र सोनी, बीपीएम अनूप मनहर सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला बरगवां पहुंचा एवं उल्टी दस्त की बीमारी लोगों का चिन्हांकन करके उन्हें दवाई वितरण किया गया। ग्राम वासियों ने बताया कि 22 नवंबर की शाम को एक गुपचुप वाला अपने ठेले में घूम घूम कर गुपचुप बेच रहा था जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने गुपचुप का सेवन किया था।

## अब तक महज 12 केंद्र में 58 किसानों ने बेचा धान

# सप्ताहभर बाद भी जिले के 117 धान खरीदी केंद्र में बोहनी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। सप्ताह भर में जिले में महज 12 उपार्जन केंद्र में धान पहुंचा है। इन केंद्रों में 58 किसानों ने 2 हजार 784 क्विंटल धान बेचा है। जिले के 117 उपार्जन केंद्रों में अब तक धान खरीदी की बोहनी तक नहीं हो सकी है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से की गई है। कृषि प्रधान जिला जांजगीर चाम्पा में धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आधी अधूरी तैयारी के बीच 15 नवंबर को जिले के उपार्जन केंद्र खोले गए। तीन दिन बाद हड़ताली कर्मचारी काम पर लौटे। इसके बाद धीरे धीरे उपार्जन केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त करते हुए धान खरीदी शुरु की गई। जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 23 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। हालांकि पहले दिन ही अकलतरा क्षेत्र के तिलाई केंद्र से धान खरीदी की बोहनी भी कर ली गई थी। यहां एक किसान ने 16 क्विंटल धान बेचा था। इसके बाद अब तक महज 12 उपार्जन केंद्र में ही धान खरीदी की बोहनी हो सकी है। इन केंद्रों में 58 किसानों ने 2 हजार 784 क्विंटल धान बेचा है। धान खरीदी शुरु होने के सप्ताह भर बाद भी 117 उपार्जन केंद्र में बोहनी के लिए किसानों का इंतजार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जांजगीर चाम्पा जिला में 80 फीसदी क्षेत्र में नहर का जाल फैला है। यहां के किसान नहर से सिंचाई कर धान की भरपूर पैदावार लेते हैं। कुछ दिन पहले ही नहर का पानी बंद हुआ है, जिसके चलते खेतों के आसपास नमी होने के कारण फसल की कटाई में कुछ देरी हुई है। ज्यादातर किसान हार्वेस्टर से धान की कटाई करते हैं। जमीन गीली होने के कारण खेतों तक हार्वेस्टर पहुंचने में परेशानी आ रही थी। अब इस काम में तेजी आई है। अधिकांश किसान इन दिनों धान की कटाई और मिंजाई में व्यस्त हैं। यही वजह है कि अभी उपार्जन केंद्रों में सन्नाटा पसरा है। कुछ दिनों बाद उपार्जन केंद्रों में धान बेचने वाले किसानों की भीड़ लगेगी। दिसंबर माह धान खरीदी में तेजी आएगी।



उपार्जन केन्द्र तिलई में बिक्री के लिए पहुंचा धान।

### 41 केंद्र में धान बेचने 282 किसानों ने कटवाया टोकन

अब सोमवार को धान बेचने के लिए 282 किसानों ने टोकन कटवाया है। इनमें से 121 टोकन समिति द्वारा काटे गए हैं। वहीं 161 टोकन ऑनलाइन एप से कटवाए गए हैं। सोमवार के लिए 41 उपार्जन केंद्र में 12 हजार 698 क्विंटल धान बिक्री के लिए ये टोकन जारी हुए हैं। किसानों की सुविधा के लिए 'तुहर टोकन' मोबाइल एप प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान बेचने टोकन कटवा रहे हैं। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक इस ऐप के माध्यम से टोकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे किसानों को समिति में जाकर लाइन लगाने की परेशानी नहीं होगी।

### रकबा संशोधन में उलझे किसान

एग्रीस्टेक पंजीयन के दौरान इस बार बहुत से किसानों के रकबा में भी गड़बड़ी हुई है। किसानों का पंजीयन तो हुआ है लेकिन सभी रकबा की एंट्री नहीं हो पाई है। किसान इन दिनों रकबा संशोधन कराने में भी उलझे हुए हैं। पूर्व में इसकी तिथि 31 अक्टूबर तक की थी। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा धान विक्रय हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है। अब किसान 25 नवंबर तक किसान तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से नवीन पंजीकरण एवं रकबा संशोधन करा सकते हैं। किसानों की सहायता के लिए शासन द्वारा टोल-फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं। एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क के नंबर 1800-233-1030 व खाद्य विभाग के नंबर 1800-233-3663 पर सम्पर्क कर किसान अपना रकबा संशोधन करा सकते हैं।

### अब आएगी तेजी

जिले में धान खरीदी में अब तेजी आएगी। सोमवार को 41 उपार्जन केन्द्रों में धान बिक्री के लिए 282 टोकन काटे गए है। जिले में अब तक 12 खरीदी केन्द्रों में 2 हजार 784 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है।

**-अमित साहू,**
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



घटना स्थल पर लगी भीड़ व जांच में जुटी पुलिस।

# सूने मकान व दुकान में चोरों का धावा, नकदी और जेवरात समेत 10 लाख का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुख्य मार्ग पर एक्सिस बैंक के सामने स्थित कस्तूरी ट्रेडर्स के संचालक विनय केडिया के सुने दुकान एवं घर पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने आभूषण एवं नगदी सहित 10 लाख का माल पर कर दिया। घटना के दौरान विनय केडिया का परिवार विवाह समारोह में शामिल होने बाहर गया हुआ था। पुलिस मामले की जांच और चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

- सीसीटीवी का डीबीआर भी ले गए चोर, नगर के मुख्य मार्ग में हुई वारदात

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक्सिस बैंक के सामने विनय केडिया कस्तूरी ट्रेडर्स का संचालन करते है। दुकान के पीछे में उनका परिवार निवास करता है। शनिवार 22 नवंबर की रात विनय केडिया का पूरा परिवार विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर गया था। रविवार 23 नवंबर की सुबह जब विनय केडिया परिवार सहित अपने घर पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ देखकर उसके होश उड़ गए। अंदर जाने पर गल्ला किराना में रखा हुआ कैश पेटी का ताला एवं बेडरूम के अंदर अलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला एवं पेटी व अलमारी से नगदी व सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। विनय केडिया के द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिए जाने पर एसडीओपी प्रदीप सोरी थाना ,प्रभारी भास्कर शर्मा डॉग स्क्वायड एवं साइबर सेल की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। विनय केडिया ने पुलिस को बताया कि गल्ले की दुकान में डेढ़ लाख रुपए के लगभग नगद एवं अलमारी में साढे तीन लाख रुपए नगद व 5 लाख के सोने एवं चांदी के आभूषण रखे हुए थे जो चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालना चाहा तो पता चला कि चोरों ने नगदी व आभूषण के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे का डीव्हीआर भी निकाल कर ले गए हैं। नगर के मुख्य मार्ग पर दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना से नगर वासियो में भय व्याप्त है। पुलिस के द्वारा जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की बात कही जा रही है।

**थोड़ी दूर जाकर भटका डॉग स्क्वायड**-एक्सिस बैंक के सामने कस्तूरी ट्रेडर्स में चोरी की सूचना पर पुलिस दल डॉग स्क्वॉड के साथ पहुंचा एवं गंध के आधार पर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया गया। पुलिस का खोजी कुत्ता एक्सिस बैंक के बाजू से होते हुए मां वैष्णवी गोदाम के पास जाकर रुक गया इसके आगे ऊंची दीवार थी। दीवार के दूसरी ओर से कुत्ता को फिर से ले जाए जाने पर वह लक्खी तालाब के पास जाकर रुक गया जहां पर प्रतिदिन अनेक लोगों की आवाजाही होती है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर लक्खी की तालाब से होते हुए कस्तूरी ट्रेडर्स पहुंचे थे।

# 1 लाख 70 हजार के नकली नोट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** क्षेत्र में नकली नोट खपाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 70 हजार रुपए का नकली नोट बरामद किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले तेलंगाना में नकली नोट बनाने वाले एक गिरोह को पुलिस ने पकड़ा था। पूछताछ के दौरान गिरोह ने मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में कुछ लोगों से संपर्क कर नोट खपाने की बात कही। उनकी निशानदेही पर सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जवाली निवासी नंदलाल जांगड़े और देवगांव निवासी छतराम आदित्य व मालखरौदा थाना क्षेत्र के छपोरा निवासी मनहरण उर्फ सोहन लहरे को पुलिस ने पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने क्षेत्र में खपाने के लिए नकली नोट लेने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खपाने के लिए कुल 2 लाख रुपए के नकली नोट लिए गए थे। इनमें से 30 हजार रुपए अलग-अलग जगहों पर खपाए भी जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 70 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए। प्रकरण तेलंगाना राज्य के थाना कामरेड्डी की पुलिस टीम को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा गया। तेलंगाना पुलिस तीनों आरोपी का ट्रांजिट रिमांड लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**चांपा।** तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक हाइवा छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश में जुट गई है। घटना भोजपुर मेन रोड चांपा की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 23 नवंबर की शाम संजय नगर निवासी 15 वर्षीय आशीष चौहान पिता संतोष चौहान बाइक से निकला था। वह शाम 6 बजे भोजपुर मेन रोड पर पहुंचा था। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चांपा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने हाइवा को अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि ड्राइवर की तलाश में पुलिस जुटी है। इधर आशीष के शव को पीएम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया है।

### पोड़ीशंकर के ग्रामीणों ने पकड़ा दो ट्रेलर, जब्ती की हुई कार्रवाई

# अवैध तरीके से जहां-तहां डंप कर रहे राखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर के आसपास अवैध तरीके से राखड़ की डंपिंग की जा रही है। नियम को ताक पर रखकर राखड़ डंप किय जा रहा है। ग्रामीणों ने ऐसे दो वाहनों को पकड़ा, जिसके बाद तहसीलदार की टीम ने वाहन जब्ती की कार्रवाई की है।

बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़िशंकर के आश्रित ग्राम कनकपुर में अवैध ईंट भट्टों का कारोबार अपने चरम पर है। प्रशासन की अनदेखी और मिलीभगत के चलते राखड़ माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे खुलेआम दूसरे स्थानों से कटे डीओ का दुरुपयोग कर रहे हैं और कनकपुर के अवैध ईंट भट्टों में ट्रकों के जरिये राखड़



डंप करवा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कनकपुर में करीब 36 से अधिक ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इन भट्टों में हर दिन दर्जनों हाईवा ट्रक राखड़ गिरा रहे हैं, जिससे चारों ओर राख और धूल का गुबार फैल रहा है। खेतों की उपज प्रभावित हो रही है, पशुधन बीमार पड़ रहे हैं और ग्रामीणों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद प्रशासनिक अमला आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने शनिवार को राखड़ से भरे दो ट्रेलर को रोक दिया और तहसीलदार एवं पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने पाया के उक्त दोनों राखड़ से भरी गाड़िया पीआईएल से आ रही है उनका डिओ नगर पालिका चांपा और लच्छनपुर के नाम से कटा था, लेकिन ट्रांसपोर्टर द्वारा उसे अवैध रूप से पोड़ीशंकर के कनकपुर में गिराया जा रहा था। तहसीलदार ने ग्रामीणों के बीच पंचनामा कर जप्त की कार्यवाही करते हुए उक्त गाड़ी को थाना के सुपुर्द कर दिया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

कनकपुर में अवैध ईट भट्ठा और अवैध रूप से गिराए का रहे राखड़ पर कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए तहसीलदार के साथ पर्यावरण अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा।

**-पवन कोसमा,**
एसडीएम चांपा

अवैध राखड़ से भरे ट्रेलर को पोड़ीशंकर के ग्रामीणों द्वारा रोका गया था। मौके पर जा कर उक्त गाड़ी को जप्त कर थाना के सुपुर्द किया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**-अविनाश चौहान,**
तहसीलदार बम्हनीडीह

राखड़ की अवैध डंपिंग की शिकायत मिली है। जल्द ही कार्यवाही करने पहुंचेंगे और कार्यवाही की जाएगी।

**-रश्मि श्रीवास्तव,**
पर्यावरण अधिकारी बिलासपुर

हरिभूमि


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## संजय और महिमा की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म का पोस्टर पहले जारी हो गया था। अब निर्माताओं ने नया पोस्ट जारी करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख बताई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धांत राज ने संभाली है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' के पोस्टर ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मोशन पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिमा दुल्हन के अवतार में हैं। वहीं संजय वरमाला लिए उनकी ओर देखते नजर आ रहे हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अगले महीने 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रुख करने के लिए तैयार है।

लाइफ Style



# दीपिका
## बनी थीं पहली ग्लोबल एंबेसेडर

दीपिका पादुकोण सच में एक ग्लोबल आइकन हैं। जिस तरह वो भारतीय सिनेमा को इतनी शान और आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में लेकर गई हैं, वो कमाल है। उनकी अपनी अलग स्टाइल, जबरदस्त परफ़ॉर्मेंस और उनकी नैचुरल करिश्मा ने उन्हें दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला चेहरा बना दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मों से लेकर बिज़नेस तक, मेट गाला से लेकर फीफा वर्ल्ड कप तक, और यहां तक कि ऑस्कर तक दीपिका लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन करती रही हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर, जिसने कई और लोगों को दुनिया भर में चमकने का रास्ता दिखाया, दीपिका ने अपने सफर में बहुत लंबा रास्ता तय किया है। आज वह गर्व के साथ 'ग्लोबल इंडियन' कहलाती हैं और इसे वह अपनी नहीं बल्कि हम सबकी जीत मानती हैं। दीपिका, जो एक तरह से शुरुआत करने वाली रहीं, उन्होंने दुनिया भर के बड़े-बड़े लग्ज़री ब्रांड्स में भारत की बढ़ती पहचान को आगे बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। वह पहली भारतीय थीं जिन्हें दुनिया के मशहूर और महंगे फैशन ब्रांड्स लुई वुइटन और कार्टियर ने अपना चेहरा बनाया। इसी से उन्होंने भारत की बढ़ती पहचान के लिए रास्ता तैयार किया और आने वाले सालों में बाकी भारतीय सितारों के लिए भी ये दरवाज़ा खोल दिया, ताकि वे भी इस नई लहर का हिस्सा बन सकें। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि "एक एक्टर और बिज़नेसवुमन के तौर पर आपने सच में भारत को दुनिया के बड़े मंच तक पहुँचाया है।

हॉलीवुड मसाला



## मिस यूनिवर्स के खिताब से चूकीं मनिका

**लॉस एंजिल्स।** थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इसमें मैक्सिको की मॉडल फातिमा बॉश ने जीत दर्ज की। पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों के साथ भारत की मनिका विश्वकर्मा ने भी हिस्सा लिया। उनका ताल्लुक राजस्थान से है। इस बार मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पेजेंट के टॉप 12 पार्टिसिपेंट्स में जगह नहीं बना सकीं। मनिका विश्वकर्मा की मिस यूनिवर्स के लिए दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। उन्होंने पेजेंट में टॉप 30 में जगह बना ली थी। हालांकि टॉप 12 में वह जगह नहीं बना सकीं।



## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस...

**मुंबई।** अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया।



## 'भाभीजी घर पर हैं' करेगी धमाका

**मुंबई।** टीवी का चर्चित कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अभिनेता आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और रोहिताश गौड़ अभिनीत यह शो करीब एक दशक से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा है। काफी समय पहले ऐलान किया गया था कि निर्माता इस शो पर फिल्म बना रहे हैं, जिसे जानने के बाद लोग उतावले थे। आखिरकार 'भाबीजी घर पर हैं-फन ऑन दा रन' की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक और पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'भाभीजी जो अब तक घर पर थीं, अब बड़े पर्दे पर आएंगी।' पोस्टर में शुभांगी (अंगूरी भाभी) विदिशा शर्मा (अनीता भाभी) और को दुल्हन की पोशाक में हैं। एक अन्य पोस्टर में दोनों के अलावा आसिफ और रोहिताश भी अस्त-व्यस्त हालात में दिख रहे हैं।



## अनीत संग ऐसा-वैसा कुछ भी नहीं...

**मुंबई।** सैयारा' फिल्म से रातों-रात चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे इंटरनेट के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी बन चुके हैं। काम से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी लोगों का ध्यान खींचती रहती है। ददरअसल, सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि अभिनेता अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने अहान और अनीत के रिश्ते की अफवाह को फिर से हवा दे दी। अब 'सैयारा' अभिनेता ने खुद ही सच बता दिया है। अहान ने हालिया इंटरव्यू में, 'सैयारा' अभिनेत्री संग उन्हें जोड़ने वाली अफवाहों को खारिज किया है। एक बातचीत में उन्होंने अनीत को सिर्फ अच्छा दोस्त बताया है। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस 19' के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए खुलासे...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं।

*किचन में लिफ्ट वाला दावा :* 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं।

*फैक्टरीज के सवाल का दिया जवाब :* इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार का कामकाज पूरी तरह पारदर्शी है और तान्या ने जो कुछ बताया, वह किसी भ्रम या दिखावे के लिए नहीं था, बल्कि उनके वास्तविक अनुभवों पर आधारित था।

## रुबीना के पति अभिनव के साथ हुआ धोखा



नई दिल्ली। टीवी की चर्चित जोड़ी रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हाल ही में टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' के विजेता बने थे। दोनों की जीत का जश्न अभी थमा नहीं था कि अभिनेता ने चौंकाने वाली खबर सुना दी है। अभिनव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने प्रशंसकों को जागरुक करने की कोशिश भी करते दिखे। अभिनव ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में पता चला कि उनके पैन कार्ड से धोखाधड़ी के जरिए 5-6 लोगों ने कई लोन ले रखे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह वीडियो इसलिए जारी कर रहे हैं, ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो सके।

## फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट कार्ड, 2 हुईं बुरी तरह फ्लॉप



**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फरहान जोर-शोर से इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। समीक्षकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा?

**'द स्काई इज पिंक' :** फरहान को आखिरी बार सिनेमाघरों में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में वो प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क लड़ाते नजर आए थे। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफ मिली थी।समीक्षकों से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन 24 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म भारत में बस 20 करोड़ रुपये कमा पाई थी। 'स्काई इज पिंक' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

**'लखनऊ सेंट्रल' :** साल 2017 में फरहान 'लखनऊ सेंट्रल' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मुरादाबाद में रहने वाले किशन मोहन गिरहोत्रा (फरहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था, वहीं समीक्षकों से भी इसे हरी झंडी नहीं मिली। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 11 करोड़ कमाने में भी पसीने छूट गए थे। बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

**'रॉक ऑन 2':** साल 2016 में रिलीज हुई फरहान की 'रॉक ऑन 2' को काफी उम्मीदों के साथ बनाया गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू नहीं चला पाई। नोटबंदी के समय रिलीज होने की वजह से दर्शक सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाए और फिल्म की कमाई बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा कहानी और गाने भी 'रॉक ऑन' का मुकाबला न कर पाए। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी ये फिल्म बस 10 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।

**'वजीर' और 'दिल धड़कने दो':** अमिताभ बच्चन के साथ आई फरहान की 'वजीर' ने 35 करोड़ की लागत में 41 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत रहा। ये फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी लिव पर है। उधर 'दिल धड़कने दो' में फरहान ने एक्टिंग भी की। वो फिल्म के डायलॉग राइटर और निर्माता भी थे। रणवीर सिंह भी इसमें अहम भूमिका में थे।

## 'सूर्या 47': पुलिसवाले बनकर 8 साल बाद पर्दे पर लौटेंगे सूर्या, एक्शन से भरपूर होगी फिल्म

**मुंबई।** दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या पुलिसवाले बनकर फिर पर्दे पर धमाल मचाएंगे। उनकी नई फिल्म 'सूर्या 47' से जुड़ी जानकारी लोगों को उत्साहित करने आ गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जीतू माधवन संभाल रहे हैं। दोनों साथ मिलकर एक्शन, कॉप फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिसकी शूटिंग दिसंबर, 2025 में शुरू हो सकती है। पुलिस अधिकारी के किरदार में सूर्या को 'सिंघम 3' में देखा गया था। यह फिल्म 8 साल पहले 2017 में रिलीज हुई थी।



### 'सूर्या 47' में ये अभिनेत्री आ सकती है नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी नाम वाली 'सूर्या 47' में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नाजरिया नाजिम फहाद नजर आ सकती हैं। उन्हें सोनी लिव की हालिया वेब सीरीज 'द मद्रास मिस्ट्री' में देखा गया है। पहले चर्चा थी कि सूर्या और नाजरिया फिल्म 'पुरानानूरु' में काम करेंगे, लेकिन अब यह परियोजना रद्द हो गई है। सूर्या के काम की बात करें, तो अभिनेता को आखिरी बार फिल्म 'रेट्रो' में देखा गया था। यह फिल्म मई, 2025 में रिलीज हुई थी।

### केरल में फिल्मांकन शुरू होने की संभावना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्या 47' की शूटिंग 8 दिसंबर, 2025 से शुरू हो सकती है। टीम द्वारा अन्य जगहों पर जाने से पहले, फिल्मांकन केरल में शुरू होने की संभावना है। हालांकि ये अपडेट अटकलें हैं, क्योंकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। यह बात अलग है, कि अगर अफवाहें सच हुईं तो सूर्या और जीतू की जोड़ी दोबारा साथ करेगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सोरारई पोटरु स्टार' और 'आवेशम' में काम कर चुके हैं।

### शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी

## ऑस्कर 2026 में बड़ा बदलाव, मिलेगा ये खास पुरस्कार; कौन होगा जीत का हकदार?

### कास्टिंग करने वालों को भी मिलेगा पुरस्कार

20 साल से ज्यादा समय के बाद ऑस्कर में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है। इस नई श्रेणी का पुरस्कार कास्टिंग के लिए होगा। कास्टिंग अवॉर्ड का मतलब है कि उस फिल्म के लिए सबसे अच्छे अभिनेताओं और कलाकारों को चुनने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार उन लोगों की मेहनत को पहचानता है, जो फिल्म के लिए सही कलाकारों का चुनाव करते हैं। इस श्रेणी के आने के बाद अब ऑस्कर में कुल 24 पुरस्कार होंगे।

*लॉस एंजिल्स। फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर का इंतजार दुनियाभर के सिनेप्रेमियों को है। ऑस्कर 2026 से जुड़ी आए दिन रोचक जानकारियां सामने आ रही हैं और अब इस पर ऐसा धमाकेदार अपडेट आया है, जिससे इस*




*प्रतिष्ठित समारोह का इंतजार कर रहे प्रशंसक और बेसब्र हो जाएंगे। दरअसल, ऑस्कर 2026 अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। 20 साल से अधिक समय के बाद पहली बार अकादमी अवॉर्ड्स में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।*

### कास्टिंग निर्देशक चुनेंगे ऑस्कर की टॉप 10 फिल्में

फिल्मों के लिए सही कलाकार चुनने वाले कास्टिंग निर्देशक ही तय करेंगे कि कौन-सी फिल्में इस पुरस्कार के लिए आगे बढ़ेंगी। ये लोग सबसे पहले 10 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गाने, डॉक्यूमेंट्री, साउंड, विजुअल इफेक्ट्स, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और शॉर्ट फिल्म्स जैसी कुछ और श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए किया जाता रहा है। शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी और फिर 22 जनवरी को नामांकन पाने वाली फिल्मों के नाम सामने आएंगे।

### ऑस्कर 2026 भारत में कब और कहां देख सकेंगे?

ऑस्कर 2026 का मजा दोगुना करेंगे मशहूर कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन, जो खुद भी इस समारोह की मेजबानी करने की पुष्टि कर चुके हैं। ऑस्कर का आयोजन सोमवार, 16 मार्च 2026 को होगा। भारत में इस समारोह को सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा भारत की तरफ से करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है।

### *साल 2001 के बाद से अब जुड़ी ऑस्कर में एक नई श्रेणी*

*अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने साल 2001 के बाद से अब तक कोई नई श्रेणी नहीं जोड़ी थी। 2001 में आखिरी बार बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म नाम से नई श्रेणी बनाई गई थी। अब इतने सालों बाद पहली बार कोई नई श्रेणी कास्टिंग अवॉर्ड जुड़ी है। इससे न केवल कास्टिंग निर्देशकों की मेहनत को मान्यता मिलेगी, बल्कि यह दर्शाता है कि ऑस्कर समय के साथ बदल रहा है और इंडस्ट्री के हर पहलू को सम्मान दे रहा है।*

## खबर संक्षेप

### मितानिन दिवस पर हुआ मितानिनों का सम्मान



**पामगढ़।** मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भिलौनी में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। जिसमें ग्राम की 8 मितानिनों एवं एक प्रशिक्षक का सरपंच श्रीमती रजनी कांत द्वारा साड़ी श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक रमतला दिनकर मितानिन शैलेन्द्री भारद्वाज, पोरा बाई, राजकुमारी दिनकर, लता लहरे, जयन्ती बाई, सुखमनी,जमुना बाई, लकेश्वरी कांत,महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगीता थवाईत के साथ ग्राम के सचिव रामखिलावन दिनकर पंचगण रामचरण मधुकर, दीपक दिनकर,सुकवारा बाई, पुरुषोत्तम यादव,अयोध्या बंजारे, भोरे लाल बंधन,प्रीतम कांत त्रिलोकिकान्त सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंजी. वैदेही सम्मानित



**चांपा।** सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाली इंजीनियर वैदेही गुप्ता को प्रेस क्लब चांपा द्वारा आयोजित भव्य समारोह में "समाज रत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। वैदेही गुप्ता लंबे समय से समाज कल्याण और जनजागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं, छात्राओं और स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, समाजसेवी धीरेन्द्र बाजपेयी, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे, नगर निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवन्त सिंह सलूजा, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश संरक्षक अमोलक सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा वैदेही गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने किया खूंटाघाट और रतनपुर का शैक्षणिक भ्रमण



**चांपा।** आइसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने खूंटाघाट एवं रतनपुर के विभिन्न दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया तथा प्राकृतिक वातावरण में आयोजित वनभोज का भरपूर आनंद उठाया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खूंटाघाट जलाशय की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद दल रतनपुर पहुंचा, जहां छात्रों ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थलों का अवलोकन किया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्थानीय इतिहास, स्थापत्य कला एवं पर्यटन के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संस्था प्रमुख मूलचन्द गुप्ता का कहना है कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में टीमवर्क, आत्मविश्वास और व्यवहारिक सीख को प्रोत्साहित करते हैं। इसीलिए इस तरह के आयोजन संस्थान प्रत्येक वर्ष करती है। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के शिक्षकों एवं स्टाफ व सभी विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वास्थ्य सेवा को घर-घर पहुंचाती हैं मितानिनें



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत डोमा के पंचायत भवन में रविवार 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया, जहां स्वास्थ्य एवं ग्राम के स्वच्छता में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मितानिन को जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू साड़ी श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि निःस्वार्थ और सेवाभाव से मितानिनें कार्य करती है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से लेकर मलेरिया, टीबी जैसी बीमारियों से लोगों को बचाव और बीपी, शुगर जैसी गैर-संचारी बीमारियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मितानिनें न केवल स्वास्थ्य सेवा को घर-घर तक पहुंचाती हैं, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता भी फैलाती हैं। कोरोनाकाल के समय मितानिनें अपनी जान जोखिम में डालकर परिवार की चिंता छोड़कर बेहतर काम किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डोमा के प्रथम नागरिक चित्ररेखा शोभा चंद्रा, उप सरपंच उत्तरा शहीस, सचिव देवनारायण पटेल, पंचगण सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने 2 शिक्षकों और भोजन बनाने वाली समूह को जारी किया नोटिस

# कोसमंदा स्कूल में शिक्षा व्यवस्था की पोल खुली निरीक्षण में 8 में से सिर्फ 1 शिक्षक मिले उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शैक्षणिक गुणवत्ता निरीक्षण अभियान के तहत शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया द्वारा ग्राम कोसमंदा के शासकीय बालक माध्यमिक एवं बालक प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। बच्चे स्कूल परिसर के बाहर बांटी खेलते, सड़क पर साइकिल चलाते और इधर-उधर घूमते हुए मिले। वहीं स्कूल में पदस्थ 8 में से सिर्फ एक शिक्षक उपस्थित मिले। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने 2 शिक्षकों और भोजन बनाने वाली समूह को नोटिस जारी जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष इन दिनों स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रहे है। वहीं छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ले रहे है। साथ ही शिक्षकों से भी स्कूल व्याप्त समस्याओं के संबंध में चर्चा कर रहे है। इसी क्रम में शनिवार 22 नवंबर को शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया ग्राम कोसमंदा के शासकीय बालक माध्यमिक एवं बालक प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के समय स्कूल तो खुला था, लेकिन अंदर "पढ़ाई" नाम की कोई चीज़ मौजूद नहीं थी। बच्चे स्कूल परिसर के बाहर बांटी खेलते, सड़क पर साइकिल चलाते और इधर-उधर घूमते हुए मिले। जैसे ही श्री जयपुरिया निरीक्षण में पहुंचे स्टाफ ने घबराकर बच्चों को एक कमरे में ठूंस दिया, जहां पहली से 5वीं तक के सभी बच्चे एक साथ बैठे हुए मिले। किसी भी कक्षा में शिक्षण का नामोनिशान नहीं था। यहां 8 स्वीकृत शिक्षकों में से 4 लोगों की बीएलओ ड्यूटी लगी हुई है। 1 शिक्षिका स्कुल तो आई पर आधा घंटा रुक कर उपस्थिति रजिस्टर में साइन करके बिना किसी को बताये घर चली गई। 1 शिक्षक जो प्रधानपाठक है वे स्कूल आये थे पर आकस्मिक अवकाश लेकर चले गये। 1 शिक्षिका संतान पालन अवकाश में है बताया गया पर कोई लिखित आदेश नहीं मिल पाया। एक शिक्षक स्कूल में मौजूद था, और वह भी कक्षा में पढ़ाई नहीं करा रहा था। शैक्षणिक उपस्थिति और शिक्षण दोनों की स्थिति बिल्कुल शून्य मिली।



स्कूल में शिक्षक से चर्चा करते शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया ।

### मिड-डे मील में भी गड़बड़ी मेन्यू गायब, मात्रा अधूरी

निरीक्षण में मिड-डे मील की हालत भी बेहद खराब पाई गई। बच्चों को न तय मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जा रहा था, न ही सही मात्रा में। शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने स्थिति को "अत्यंत गंभीर" बताते हुए कहा कि इस स्तर की लापरवाही बच्चों के शिक्षा के अधिकार और शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन है।

### कोसमंदा स्कूल निरीक्षण में पहली कार्रवाई

कोसमंदा के सरकारी विद्यालय में गगन जयपुरिया के औचक निरीक्षण के बाद अब प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शिक्षा व्यवस्था में मिली लापरवाही के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दो शिक्षकों और मिड-डे मील समूह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यहां निरीक्षण के दौरान 8 में से 7 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे। इसके बाद गिरजा शंकर पांडे और प्रीति बॉल मिश्रा को लापरवाही एवं अनुपस्थित रहने के आरोप में नोटिस जारी किया गया है। वहीं मध्यान्ह भोजन की खराब व्यवस्था, मेन्यू के विरुद्ध भोजन परोसने और मात्रा कम देने की पुष्टि के बाद जागृति महिला स्वयं सहायता समूह को भी स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर दिया गया है। समूह से पूछा गया है कि बच्चों को तय मेन्यू और मात्रा में भोजन क्यों नहीं दिया गया।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विधानसभा जांजगीर-चांपा अंतर्गत जांजगीर एवं पेण्ड्री में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन, प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और फॉर्म प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।

- कलेक्टर ने जांजगीर एवं पेण्ड्री में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने कहा कि घर-घर सर्वे के दौरान प्राप्त फॉर्म-6 (नाम जोड़ने), फॉर्म-8 (संशोधन) आदि सभी आवेदन को व्यवस्थित रूप से संकलित कर समय पर जमा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रगति कम वाले क्षेत्रों की पहचान कर संबंधित अधिकारियों को अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पवन कोसमा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रगजा में ओपन कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**सक्ती।** ग्राम रगजा में ओपन कप फुटबॉल प्रतियोगिता का धमाकेदार आगाज हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल मौजूद रहे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रगजा में ओपन आयोजन कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सक्ती जिले के नवपदस्थ एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 हृदयेश्वरी मंजू जगत, कुलदीप जायसवाल, राहुल अग्रवाल एवं सोनू कुरैशी मंचासीन रहे। ग्रामवासियों और खेल प्रेमियों ने सभी अतिथियों का ढोल-नगाड़ों, बाजे और पटाखों की जोरदार गूंज के साथ भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों से परिचय के बाद टॉस संपन्न हुआ। परंपरानुसार श्रीफल फोड़कर, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। पहला मुकाबला उड़ीसा बनाम रायगढ़ के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। भीड़ लगातार बढ़ती रही और रोमांच पूरे कार्यक्रम में बना रहा। आयोजन समिति द्वारा बैठने, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की उत्कृष्ट तैयारी की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमुख जयेंद्र चौधरी, जय विजय, दीपक और सुनील का विशेष योगदान रहा। रगजा में शुरू हुआ यह फुटबॉल महोत्सव आने वाले दिनों में खेलप्रेमियों के लिए और भी रोमांचक क्षण लेकर आएगा।



## देश के विकास में नागरिकों के कर्तव्य सर्वोपरि : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खटोला में किया जा रहा है।

- इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर का खटोला में हो रहा आयोजन

चतुर्थ दिवस का आरंभ पूजा-अर्चना, ध्वज-वंदन तथा राजकीय गीत के साथ हुआ। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि आशीष मिश्रा, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा ने कहा कि देश के विकास में नागरिकों के कर्तव्य सर्वोपरि हैं। यदि हर नागरिक स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सामाजिक सामंजस्य और मतदान जैसे कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाए तो भारत एक सक्षम राष्ट्र के रूप में उभर सकता है। उन्होंने युवा स्वयंसेवकों से अनुशासन और राष्ट्रहित में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के राजेंद्र कुमार सिंह एवं आर. के. पांडेय ने "लोकतंत्र और युवा" विषय पर कहा कि युवा लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति हैं। उनका सक्रिय सहभाग, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाती है। युवाओं को संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।श्रीमती वर्षा यादव ने "राष्ट्र निर्माण में एन एस एस स्वयंसेवकों की भूमिका" विषय पर कहा कि यह केवल सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, नैतिकता, सहयोग, संवेदनशीलता और समाज सेवा की भावना विकसित करने का मंच है। संजय यादव, कार्यक्रम अधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा ने "व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा की भूमिका" पर कहा कि शिक्षा व्यक्ति को विचारशील, आत्मनिर्भर और संवेदनशील बनाती है। शिक्षा ही चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम कोडॉ. विक्रम भदौरिया, डॉ. सतीश दुबे, डॉ. चिरंजीवी यादव, सुश्री अनीता सोनवानी, डॉ. रेणुका शर्मा ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा जायसी ने किया।



शिविर में उपस्थित अतिथि एवं शिवरार्थी।

### सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति की बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति की बैठक रविवार 22 नवंबर को केरा झरिया लछनपुर चांपा में हुई। समिति द्वारा समाज के विवाहयोग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन विगत 14वर्षों कराया जाता रहा है इसी परिपाटी को आगे बढाते हुए समाज प्रमुखों द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की आगामी वर्ष भी 4 जनवरी 2026 रविवार को शारदा मंगलम भवन जांजगीर में विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के जिला अध्यक्ष सुखराम मधुकर, डॉ ललित कुर्रे, चंद्रकांत रात्रे, मनोज रात्रे,गेंद राम कुर्रे,नंदलाल कुर्रे, मुकेश रात्रें रोहित रत्नाकर,मनोज रात्रे,मनीष सोनकर एवं समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे। यह जानकारी समिति के जिला अध्यक्ष सुखराम मधुकर ने देते हुए समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को शारदा मंगलम भवन जांजगीर में होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।



## 77वीं एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली, किया पौधरोपण

**अकलतरा।** 77वां एनसीसी दिवस के अवसर पर एजुकेशन ट्रस्ट अकलतरा द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल अकलतरा के एनसीसी केडेटों द्वारा नगर के अनुसार जल स्त्रोतों की सफाई कर पौधारोपण किया गया।

एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेटों के द्वारा रैली निकाल कर नगर वासियों को पर्यावरण संवर्धन,जल स्त्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया रैली में शाला के 93 कैडेट शामिल हुए। शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा, शिक्षक अनुराग कसेर कैन यू लिसन मी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। एनसीसी अधिकारी मोहम्मद जफरुल्लाह ने बताया कि एनसीसी दिवस हर वर्ष नवंबर माह के चौथे रविवार को उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कैडेटों से अपने जीवन में अनुशासन, एकता और ईमानदारी का पालन करने का आह्वान किया, जिससे एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में मदद मिलेगी। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष माननीय श्री सौरभ सिंह , उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल , सचिव ईश्वर खंडेलिया एवं समस्त पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के द्वारा एनसीसी दिवस में केडेटो को बधाई व आशीष प्रदान कर रैली में नगर वासियों को जल स्त्रोत को स्वच्छ रखने पर संदेश दिया गया।



## भोजन बनाते समय भगवान के भजन करने से बन जाता है अमृत : मधुसूदनाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण मठ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस रविवार 22 नवंबर को कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे।

अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज ने कहा कि

- शिवरीनारायण मठ में आयोजित भागवत कथा में सीताराम विवाह महोत्सव आज

बेटा यदि अच्छा हो तो एक कुल को पवित्र करता है यदि बेटी अच्छी मिले तो दो कुल पवित्र हो जाते हैं। हमारा कार्य ही गुरु है इस संसार में कर्म की प्रधानता है। भगवान के चरित्र का गान करते हुए, स्मरण करते हुए, भोजन बनाते हैं तो वह भोजन अमृत बन जाती है। आहार शुद्ध होने से सब कुछ शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि यहां के भंडारा को देखकर जगन्नाथ पुरी की याद आ जाती है वास्तव में यह जगन्नाथ पुरी ही है। कथा श्रवण करने उत्तर प्रदेश, प्रयागराज अरैल घाट नैनी के फलाहारी आश्रम के महन्त अनंत श्री विभूषित स्वामी रामरतन दास महाराज अपने अनुचर राजाराम दास महाराज के साथ पहुंचे। इसके अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, फिंगेश्वर राजघराने के राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह, आरएसएस के छत्तीसगढ़ प्रभारी टोप लाल वर्मा, पी आई एल चांपा के कारखाना प्रबंधक श्री पारीख तथा पंडित दिनेश शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विजय पाली, रमेश यदु, रामकृष्ण पाली, चंद्रकांत यदु, मनोज मित्तल, पुरुषोत्तम शर्मा, शशि भूषण सोनी, विवेका गोपाल, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे, सुबोध शुक्ला, निरंजन लाल अग्रवाल, वीरेंद्र तिवारी, पूर्णेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह, हर प्रसाद साहू, प्रमोद सिंह, रमेश पैगवार, मदन तिवारी, पवन चतुर्वेदी, बजरंग शर्मा, देव कुमार पांडे, राजेश सिंह क्षत्रीय, हरीश राठौर, कुणाल गुप्ता सहित गणमान्य नगरीकरण सम्मिलित हुए। शिवरीनारायण मठ में 25 नवंबर को सुबह श्रीमद् भागवत कथा अनवरत चलेगी, वहीं शाम को सीताराम विवाह महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।



उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते ब्यास आचार्य।

कात्रेनगर में "यति यतनलाल सम्मान" स्मृति समारोह का भव्य आयोजन

## भारतीय समाज में गौमाता केवल आस्था का नहीं, स्वावलंबन का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ गौशाला कात्रेनगर चांपा द्वारा शनिवार 22 नवम्बर को "यति यतनलाल सम्मान – 2025" की प्राप्ति के उपलक्ष्य में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। संस्था को यह राज्य अलंकरण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अहिंसा एवं गौसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नवम्बर माह में नया रायपुर में आयोजित रजत महोत्सव समापन समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के हाथों प्राप्त हुआ था।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विशेषर सिंह पटेल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में गौमाता केवल आस्था का नहीं बल्कि सतत जीवन और स्वावलंबन का भी आधार है। उन्होंने संस्था द्वारा निःस्वार्थ भाव से किए जा रहे निरंतर कार्यों की सराहना की और इसे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भागवताचार्य राजेंद्र शर्मा (टेमर, शक्ति) ने अपने उद्बोधन में गौसेवा को धर्म, संस्कृति व मानवता की मूल धुरी बताते हुए, समाज को इस दिशा में संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां गौसंरक्षण होता है, वहीं सद्भाव और अहिंसा का वास होता है। समारोह के मंच पर सुधीर देव, वरिष्ठ प्रचारक एवं सचिव, भारतीय कुष्ठ निवारक संघ लक्ष्मीनारायण सोनी, अध्यक्ष तथा लोमसराम प्रचारक उपस्थित रहे। इन्होंने संघ की प्रेरणाओं, लक्ष्य एवं भविष्य की योजनाओं की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान सेवाभावी कार्यकर्ताओं को साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन घनश्याम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में अंबेश जांगड़े जिला भाजपा अध्यक्ष व पूर्व विधायक पामगढ़, चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा, गुलाब सिंह चंदेल, रवि पांडेय, श्रीमती सत्यलता मीरी जिला पंचायत अध्यक्ष, गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सुश्री आशा साव जिला पंचायत सदस्य, अमित गौरहा, गणेश राम साहू, प्रभा सिंह, अनुराधा शुक्ला, प्रतिमा पाटले, ममता राठौर, दिनेश सिंह चंदेल, मुरारी राठौर, शिव जायसवाल, पुरंदर कश्यप सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं लोग।

